# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025





जीवेत शरदः शतम्
जन-जन के प्रिय
भिलाई के लोकप्रिय एवं लाडले
भाई अतुल पर्वत
प्रदेश भाजपा नेता
अध्यक्ष- भिलाई कैन डू.
पर्वत फाउंडेशन
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
14
सितम्बर
2025
भिलाई की पावन धरा में
भव्य संगीतमय
सुंदरकाण्ड
हनुमंत कृपा पात्र
रसराज जी महाराज
के मुखारविंद से
विशेष आकर्षण
अनुराग शर्मा
लोकप्रिय बालाजी टेलीफिल्म अभिनेता
हेमा शर्मा
बिग बॉस फेम वायरल भाभी
डॉली बिन्द्रा
सबसे चर्चित बिग बॉस फेम

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 14 सितंबर, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



06 उद्योगों को एनओसी जरूरी, 28 गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण, बंद पड़े फौव्वारे होंगे शुरू




### भिलाई निगम के महापौर परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय

# शहर में अब नहीं लगेंगे जनप्रतिनिधियों के होर्डिंग और बैनर, 30 वर्ष के लीज पर देंगे मदर्स मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

इंदौर की तर्ज पर भिलाई शहर को स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में भिलाई निगम ने काम करना शुरू कर दिया है। अब शहर में जन्मदिन एवं अन्य विशेष समारोह में होर्डिंग एवं बैनर नहीं लगाई जाएगी। महापौर सहित सभी परिषद के सदस्यों ने एक राय होकर शहर के किसी भी स्थल में अवैध रूप से होर्डिंग व बैनर नहीं लगवाने देंने का प्रस्ताव मंजूर किया है। शहर में कहीं भी किसी जनप्रतिनिधि का फोटो नहीं लगाया जाएगा । होडिंग और बैनर के विरोध में राधिका नगर दौरे में आए विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन और महापौर नीरज पाल का भी यही सुझाव दिया है। विधायक एवं महापौर का कहना है कि सभी जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में पत्र दिया जाए। जिससे हमारा शहर पूरे छत्तीसगढ़ में एक आदर्श रूप में बन सके। बैठक में सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर सहित अपर आयुक्त राजेन्द्र सिंह दोहरे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता अर्पित बंजारे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## स्थाई लीज पर प्राप्त भूमि हस्तांतरण पर भी चर्चा

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में 8 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। प्रमुख रूप से स्थायी लीज पर प्राप्त भूमि का हस्तांतरण, नामांतरण व प्रकाशन शुल्क पर चर्चा हुई। मदर्स मार्केट (प्रगति काम्पलेक्स) व्यवसायिक परिसर में निर्मित दुकानों को 30 वर्षीय लीज पर दिए जाने रूचि की अभिव्यक्ति आफर आमंत्रित करने पर मंजूरी दी गई। भूमि के प्रथम बार हस्तांतरण हेतु अनापत्ति पर हस्तांतरण शुल्क सहित जलकार्य विभाग हेतु श्रमिक उपलब्ध कराने की स्वीकृति मिली। बीएसपी क्षेत्र के वार्डो की साफ-सफाई एवं गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट की स्थापना आदि विषय शामिल हैं।

## गोकुल नगर में बायोगैस प्लांट

गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट की स्थापना कार्य कराने महापौर परिषद के सदस्यों ने सर्व सम्मति से पारित किया। ऑफरकर्ता के द्वारा बायोगैस प्लांट की स्थापना, रखरखाव एवं संचालन स्वयं के व्यय से करना होगा । नगर निगम के उद्यानों का रखरखाव, संचालन एवं संधारण में लागत की कमी के दृष्टिकोण से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को रुचि की अभिव्यक्ति के तहत आमंत्रित की जाएगी। सामाजिक संस्था उद्यानों का रखरखाव कर अपने समाज का प्रतीक चिन्ह एवं स्तंभ स्थापित कर सकते हैं। इस संबंध में महापौर परिषद की स्वीकृति मिली है। उमेश निर्मलकर सेवानिवृत्त इलेक्ट्रीशियन को 1 वर्ष हेतु कार्य विस्तार के संबंध में महापौर परिषद की स्वीकृति मिली है। कार्य विस्तार संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

## लीज पर मिली जमीन का हस्तांतरण को मंजूरी

नगर पालिक निगम भिलाई एवं पूर्ववर्ती विशेष क्षेत्र प्राधिकरण भिलाई-दुर्ग से स्थायी लीज पर प्राप्त भूमि का तांतरण/ नामांतरण/ प्रकाशन शुल्क लिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई । भूमि के प्रथम बार हस्तांतरण हेतु अनापत्ति पर हस्तांतरण शुल्क निर्धारण के कार्यो पर विस्तृत चर्चा कर महापौर परिषद के सदस्यों ने अपनी सहमति दी है। जलकार्य विभाग हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के कार्य को सदस्यो ने मंजूरी प्रदान की है। बीएसपी सेवा के अंतर्गत आने वाले 17 1/2 वार्डो की सीवरेज सफाई कार्य को छोड़कर अन्य साफ-सफाई व्यवस्था नगर पालिक निगम भिलाई से कराए जाने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित की गई है।

# पुलिस गिरफ्त में दहशत बनाकर गुंडागर्दी करने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दङसत बनाकर गुंडागर्दी करने वाले युवक समेत एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मानस भवन के सामने ग्राम उमरपोटी थाना उतई निवासी राजा उर्फ राहुल पवार लोगों में दहशत बनाया करता था। इससे लोग काफी परेशान हो रहे थे। लोगों से आरोपी लगातार मारपीट विवाद कर गुंडई करता था। चाकू से दिखाकर धमकाया करता था। उतई पुलिस में शिकायत के बाद ग्राम उमरपोटी में आरोपी राहुल पवार और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। दोनों चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इसके अलावा ग्राम उमरपोटी के ही एक युवती की आपत्तिजनक फोटो अपने पास रखकर बात करने उसे मजबूर कर परिवार को खत्म कर की धमकी देते थे। आरोपी ने पीड़िता के भाई को बहन से साथ शादी करने के लिए चाकू दिखाकर धमकाया भी करता था। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 चाकू मोबाइल, घर से 1 नग चाकू, 1 गुप्ती,1 नग लोहे का स्टीक भी बरामत किया है। आप

## नेशनल हाईवे में केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, बड़ा हादसा टला



**कुम्हारी** । शनिवार सुबह नेशलन हाईवे खारुन ग्रीन कॉलोनी के पास एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया गया कि टैंकर में सोडियम सिलिकेट आयल भरा हुआ था। जानकारी लगते ही राहगीर एवं आस-पास निवास कर रहे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि हादसे की सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत सड़क को सुरक्षित किया और जाम हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। नगर पालिका की टीम ने कॉलोनी और सड़क पर फैले केमिकल पर रेत की परत डलवाकर रिसाव को नियंत्रित किया। जानकारी के मुताबिक, मिनी ट्रक सीजी 04 एलएफ 7015 रायपुर से दुर्ग की ओर जा रहा था। ट्रक के पीछे डाले में केमिकल से भरा टैंकर था। अचानक टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही पीछे रखा टैंकर सड़क पर गिर पड़ा और केमिकल सड़क पर फैलने लगा। टैंकर से गिरा केमिकल सड़क के रास्ते खारुन ग्रीन कॉलोनी तक पहुंच गया। जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी मिली, अफरा-तफरी मच गई। यह आशंका बनी रही कि कहीं यह केमिकल ज्वलनशील न हो।






## लाइव इवेंट

### स्क्रीन में पढ़ने के बजाय, किताबों के जरिए जानकारी सही और उपयोगी भी



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पुस्तक मेला आयोजित किया गया। इस दौरान डिजीटल युग में किताबों की महत्ता पर विशेष फोकस किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्क्रीन में पढ़ना उतना कारगर और उपयोगी नहीं होता जितना किताबों के जरिए हम जानकारी हासिल करते हैं। राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डिस्कशन, भाषण, प्रश्नमंच, पोस्टर स्पर्धा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ज्ञान वर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है। प्रभारी प्राध्यापक डॉ नीता पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जॉब फेयर में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। महोत्सव के अंतिम दिन पुस्तक मेला आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों की किताबें विशेष छूट के साथ विक्रय के लिए रखी गई थीं। पुस्तक मेला का उद्घाटन कुलपति डॉ ए के झा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें ज्ञान का भंडार है किंतु वर्तमान में पढ़ने की आदत खत्म होती जा रही है। पढ़ना एक सतत प्रक्रिया है जो हमें विषय वस्तु को सही मायने में स्मृति पटल पर रखने में सफल रहती है। स्क्रीन में पढ़ना उतना कारगर और उपयोगी नहीं होता जितना किताबों के जरिए हम जानकारी हासिल करते हैं। इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट और डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ गोविंद शर्मा सहित अधिकारी, प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पुस्तक मेला में विज्ञान, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंप्यूटर, कॉमर्स, कला संकाय की पुस्तकों के साथ ही संदर्भ ग्रन्थ, उपन्यास, मोटिवेशनल पुस्तकें भी आकर्षण का केंद्र थीं।



**रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के इंडक्शन प्रोग्राम विद्यारंभ में पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका**

# 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन आविष्कार है इंटरनेट, जिसने दुनिया को जोड़ा, छत्तीसगढ़ टूरिज्म को बढ़ा सकते हैं आज के युवा : राज्यपाल



भिलाई। छत्तीसगढ़ का गौरव और भारत की ताकत बनते हुए आप सभी युवा तीन-चार साल बाद जब यूनिवर्सिटी से बाहर निकलेंगे, तो अपने साथ न केवल शैक्षणिक डिग्रियां लेकर जाएंगे, बल्कि उद्योग प्रमाणपत्र, व्यावहारिक अनुभव, उद्यमशीलता की मानसिकता और सबसे महत्वपूर्ण बात, किसी भी चुनौती को स्वीकार करने का आत्मविश्वास भी साथ होगा। युवाओं को मोटिवेट करते हुए यह उद्गार छत्तीसगढ़ के राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका ने कही। शनिवार को भिलाई स्थित रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के इंडक्शन प्रोग्राम विद्यारंभ समारोह में राज्यपाल उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं को कहा कि मैं कुछ दिन पहले यूएसए अमेरिका गया था। वहां मुझे छत्तीसगढ़ खासकर भिलाई के लोग मिले, जो वहां बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ अमेरिका तक पहुंच रहा है। अपने आप को प्राउड रेसीडेंस ऑफ भिलाई और छत्तीसगढ़ मानिए।




### आप बढ़ा सकते हैं टूरिज्म

राज्यपाल ने जेन-जी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा इंस्टाग्राम और वॉट्सएप चलाता है। ऐसे में उनके पास इंटरनेट बड़ा हथियार है। आप युवाओं को छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया तक पहुंचाना होगा। छग में टूरिज्म के कई सारे ऐसे स्पॉट्स है, जिनके बारे में कम लोग जानते हैं। ऐसे में आप युवा उन जगह जाइए। उसे अपने कैमरे में कैद कीजिए और दुनिया को दिखाइए। आप मैनपॉट जाकर देखिए वह कैसे इतना ब्यूटीफुल स्पॉट है, उसे कवर कीजिए। ऐसे नए स्पॉट खोजिए। इससे छग के टूरिज्म को बड़ा बूस्ट मिलेगा। राज्यपाल ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, छग के कई जिले इन दिनों ग्राउंड वॉटर लेवल के रेड जोन में है। छत्तीसगढ़ में बहुत बारिश होती है। इसके बावजूद ग्राउंड वॉटर की स्थिति क्रिटिकल है। इसे सुधारने के लिए हमने किसानों को अपने खेत में डबरी बनाने को कहा है। यह डबरी भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मददगार साबित होगी। भले ही इसमें समय लगेगा, लेकिन एक दिन ग्राउंड वॉटर लेवल बेहतर होगा।

### ड्रोन टेक्नोलॉजी देश का भविष्य

इस समारोह में राज्यपाल ने रूंगटा यूनिवर्सिटी में स्थापित की गई नैसकॉम ड्रोन लैब का उद्घाटन भी किया। इसके संबंध में उन्होंने कहा कि, छग में ड्रोन को लेकर अच्छा काम हो रहा है। बेमेतरा जिले में महिलाएं ड्रोन उड़ाकर अच्छा कमा रही हैं। वह खेतों में कीटनाशक का छिड़काव ड्रोन की मदद से कर रही हैं। उनको देखकर दूसरे भी प्रेरित हो रहे हैं। हमने उनका सम्मान किया है। सम्मान मिलने से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ड्रोन टेक्नोलॉजी अपने शुरुआती स्टेज में है। लेकिन एक दिन आएगा जब, मोबाइल और इंटरनेट की तरह ड्रोन भी सबकी पहुंच में होंगे।

### किस्मत वाले हैं आज के युवा

राज्यपाल ने कहा कि आप लोग किस्मत वाले हैं। क्योंकि आपको इंटरनेट मिला। यह 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन आविष्कार है। पुराने समय में साइंस का सबसे बड़ा आविष्कार पहिए यानी व्हील थे। जिसने मानव जाति की सुख-सुविधाओं को आगे बढ़ाया। ऐसे में इंटरनेट को 21वीं का व्हील समझिए जो हर चीज हर जानकारी आप तक पहुंचा रहा है।

छत्तीसगढ़ में सेवाभाव सबसे अधिक

राज्यपाल ने कहा कि आज सभी पढ़ाई करने आए हैं, लेकिन कुछ बनने के बाद जब आप कमाने लगें तब लोगों की सेवा कीजिएगा। शहर और राज्य की सेवा कीजिए। यहां बहुत यंग माइंड, इंटेलिजेंस मांइड्स है। यहां ब्राइट लोग है। कहीं इतना सेवाभाव नहीं है जितना छत्तीसगढ़ में है। संस्थानों में सेवा की जाती है। मेंटली रिटायर्ड लोगों को भी यहां अपना बनाकर रखा जाता है। यहां दिव्यांगों के लिए काम करते हैं। जब आप युवा कमाना शुरू करें तो इसमें आप भी अपना योगदान जरूर देना।

### विद्यार्थियों को दिए लाइफ टिप्स

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, भिलाई शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ने जा रहा है। जिस भाव से बच्चे यहां आए है, उनकी सभी भाव की पूर्ति करने में यूनिवर्सिटी की शिक्षा पद्धति सहायक होगी। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के विद्यारंभ के लिए प्रदेश के राज्यपाल स्वयं यहां पधारे है। यह युवाओं के लिए सौभाग्य की बात है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने अपने संबोधन में चेष्टा, ध्यानं, श्वान निद्रा, अल्पाहारी, गृहत्यागी पांच लक्षणों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने स्वागत उद्बोधन में यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर चेयरमैन संजय रूंगटा, प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया, रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन व अन्य मौजूद रहे।

## सिटी इवेंट

### इस्पात कल्याण चिकित्सालय में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्साल में हुए निःशुल्क शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर में 91 महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. रवीन्द्रनाथ एम.ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, भिलाई महिला समाज की उपाध्य मोली चक्रवर्ती, स्मिता गिरी, पूनम कुमार, रेणुका रविन्द्रनाथ व रांची के कार्यपालक निदेशक की पत्नी निशा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री शिवराजन डीजीएम अपर्णा चन्द्रा सहित महिला समाज की महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव दीपान्विता पॉल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन तथा सह कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता तिवारी ने महिलाओं को स्त्रीरोग व स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक किया।



# कलाकारों ने गीत व ग़ज़लों की महफिल गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा ने बांधा समां

**भिलाई।** सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स भिलाई के कलाकारों ने रशियन काम्प्लेक्स, सेक्टर 7 में आयोजित हुए सांगीतिक समारोह में गीत और ग़ज़लों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

कार्यक्रम में पी टी उल्लास कुमार, संदीप गुले, शांताराम वानखेडे, राकेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्र बेहरा, जितेन्द्र टांडी, शिप्रा मंडल, सरोज खत्री, मीनल गोखले, भाषवती बोस सहित अंचल और प्रदेश के गायक और गायिकाओं ने हिस्सा लिया। सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी और सभी दर्शकों एवं श्रोताओं का मन मोह लिया। मशहूर गायक येशुदास की फिल्म चितचोर के गीत गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा को पी टी उल्लास ने अपनी सुमधुर आवाज में



गाकर बहुत वाहवाही लूटीं। सभी कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति धारकर ने अपने निराले अंदाज से करते हुए दर्शकों और श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम की परिकल्पना और प्रस्तुति आयोजक महेश कुमार विनोदिया द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश धारकर, कविश गोखले, ऋषभ राज, मधु विनोदिया सहित अन्य वरिष्ठ गायक विशेष रूप से उपस्थित थे।

# पिछले वर्ष की दो टाइटल विनर अनिता होंगी ब्यूटी पेजेंट की जज

**भिलाई।** मिस एंड मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ नेशन राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता एमआईक्यूएन - 2024 में दो टाइटल विनर दुर्ग की अनिता सरकार इस वर्ष एमआईक्यूएन-2025 सीजन 5 के जज पैनल का हिस्सा होंगी।



यह सौंदर्य प्रतियोगिता 14 सितंबर को नागपुर महाराष्ट्र में होने वाली है। हाल ही में अनिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो और इमोशनल मैसेज शेयर कर इसकी जानकारी दी। अनिता ने ये भी बताया कि वो इस कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए काफी एक्साइटेड और जज के तौर पर शामिल होने को इमोशनल फील कर रही है।

उन्होंने शो की डायरेक्टर मोनिका को इसके लिए दिल से शुक्रिया अदा किया है। पेशे से गणित की लेक्चरर, ब्लॉगर, योग इंस्ट्रक्टर एंड मोटीवेटर अनिता ने पिछले साल इस प्रतियोगिता में कल्चरल एम्प्रेस और रेडिएंट स्माइल दो टाइटल जीते थे।

**एलुमनी मीट में साझा किए संस्मरण, सफलता की कहानियां और भविष्य की योजनाएं**

# प्रशासन, आईटी और व्यवसाय में पाया सफल मुकाम अब नए छात्रों का करेंगे कैरियर मार्गदर्शन और सेमिनार

कार्नर न्यूज

भिलाई। डॉ. खूबचन्द बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई-3 में पूर्व छात्रों के एलुमनी मीट का आयोजन उत्साह, उमंग और भावनात्मक माहौल में किया गया। इस अवसर न केवल वर्षों बाद पुराने मित्र फिर से मिले, बल्कि महाविद्यालय और इसके पूर्व छात्रों के बीच गहरी दोस्ती की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी पूर्व छात्रों का तिलक कर पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया। इसके बाद आयोजित सामूहिक सेल्फी सत्र ने आयोजन को और भी रोचक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अश्विनी महाजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सबसे बड़ी पूँजी उसके एलुमनी होते हैं। आपके जीवन की उपलब्धियाँ वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस तरह के आयोजन केवल आपसी संबंधों को सुदृढ़ नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।




### एलुमनी की स्मृतियाँ और अनुभव



कार्यक्रम के दौरान कई पूर्व छात्रों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। किसी ने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन को अपने जीवन का सबसे बड़ा संबल बताया। किसी ने महाविद्यालय की शिक्षा और अनुशासन को सफलता की कुंजी कहा। तो किसी ने यहां बने जीवनभर के मित्रों को अपनी अमूल्य धरोहर बताया। इन संस्मरणों ने न केवल एलुमनी को उनके सुनहरे छात्र जीवन की याद दिलाई। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के पूर्व छात्र आज शिक्षा, प्रशासन, उद्योग, आईटी, साहित्य, कला, व्यवसाय, सामाजिक सेवा और राजनीति सहित विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। अनेक एलुमनी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है।

### सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियां

कार्यक्रम को मनोरंजक और जीवंत बनाने के लिए वर्तमान छात्रों ने लोककला, संस्कृति और पर्यटन पर आधारित गीत, नृत्य, रंगोली और पोस्टर प्रस्तुत किए। डॉ. अल्पना देशपांडे के द्वारा आयोजित बलून रेल गेम सबसे आकर्षक रहा। जिसमें एलुमनी ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वातावरण उल्लास और हंसी-खुशी से गूंज उठा। विभिन्न गेम्स में प्रथम मनोज मित्रा, द्वितीय संदीप जैन, तृतीय उपकार चंद्राकर विजेता रहे। एलुमनी मीट के दौरान भविष्य की योजनाएं बनाते हुए एलुमनी एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय बनाए जाने पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत समाज सेवा कार्यक्रमों में एलुमनी की भागीदारी, वर्तमान छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन, सेमिनार और कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और महाविद्यालय के विकास कार्यों में सहयोग सहित कई नई पहल की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर नई पहल कर अपने सामाजिक सरोकार को पूरा करने खेजड़ली बलिदान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम गुप्ता और डॉ. मंजूला गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैचों से बड़ी संख्या में पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. कमल किशोर शर्मा, संजय कुमार कश्यप, मंजू चंद्राकर, ईश्वर सिंह चौहान, जानवी साहू, अतुल सिंह, वर्षा पाण्डेय, हिमांशु पांडे, सुरेश कुमार, विजय कुमार यादव, प्रदीप झा, राजेश बघेल, लावण्या रेड्डी, नाग लक्ष्मी सेन, अनन्या सरकार, रश्मि प्रसाद, नीतू, मनोज मित्रा, श्याम कौशल, मनीष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 15 विद्यालयों के विशेष बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**भिलाई।** सामाजिक संस्था गोल्डन एम्पथी के तत्वावधान में विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को आयोजित किया जायेगा। शाम साढ़े 5 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक बी.एन.एस. ऑडिटोरियम, सेक्टर-8, भिलाई में होने वाले इस कार्यक्रम में भिलाई सहित रायपुर, राजनांदगाँव और धमतरी के 15 विद्यालयों के विशेष बच्चे कला, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संस्था के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि आयोजन में जिला और पुलिस प्रशासन, भिलाई स्टील प्लांट व अन्य प्रमुख शासकीय-अशासकीय उपक्रमों के प्रमुख लोग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विशेष बच्चों का उत्साहवर्धन करने को कहा है।

## सिटी इवेंट

# कैरियर ओरिएंटेड कोर्स की वाणिज्य छात्राओं को दी जानकारी



**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए टेली प्राइम अवयेरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता सोमेश जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस दवरा वक्ताओं का विधिवत स्वागत कर की गई।

कार्यक्रम के रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय वाणिज्य विभाग की एचओडी डॉ. भारती वर्मा द्वारा दिया गया। प्राचार्या प्रतिभा छाया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्राओं से कहा कि अपने संकाय से संबंधित भविष्य में काम आने वाले विषयों का संपूर्ण ज्ञान होना जरुरी है, साथ ही साथ स्किल बेस्ड होना भी आवश्यक है। अपने व्यवहारों द्वारा अपने आप को संतुलित रखने की बात भी बताई। सोमेश जैन द्वारा टैली प्राइम कोर्स के बारे में शुरुआत से लेकर अभी तक इसके सॉफ्टवेयर में क्या परिवर्तन आया है और वाणिज्य छात्राओं के लिए करियर ओरिएंटेड होने पर इस कोर्स का क्या लाभ मिल सकता है उन्होंने पूरी जानकारी रचनात्मक ढंग से दी। जिससे छात्राओं को भी समझने में आसानी हुई। व्याख्यान के बीच छात्राओं से प्रश्नोत्तरीय सेशन भी उन्होंने किया। जिन छात्राओं ने सही जवाब दिए उनको उन्होंने पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ निधि मोनिका शर्मा और डॉ राजश्री शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग की प्राध्यापिका डॉ एम माधुरी देवी, वैशाली साहू सहित अन्य विभाग की प्रभारी प्रमुख रुप से उपस्थित रही।



## समाज इवेंट

# ऑन द स्पॉट गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्टूडेंट्स ने किया एंजॉय




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के अवसर भारती कॉलेज दुर्ग में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में एलुमिनी मीट और पुस्तक मेला का आयोजन आईक्यूएससी संकाय दवरा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपने अनुभव और अपनी सफलता में विश्वविद्यालय से प्राप्त शिक्षा को साझा किया। पूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया और करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान परिचय, भाषण, विश्वविद्यालय पर संबोधन, क्विज़ प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम में डॉ नीतू श्रीवास्तव जूलॉजी, विद्या चौहान साइकोलॉजी, मेघा मैनेजमेंट, आदित्य शाह मैनेजमेंट सहित अन्य संकाय के सदस्यों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने और पठन-पाठन की आदत विकसित करने के प्रायोजन से पुस्तक मेला और पठन जागरूकता सप्ताह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशकों ने पुस्तक प्रदर्शनी लगाई, जिनमें विषय-विशेष की पुस्तकों के साथ महापुरुषों की जीवनी और उनके सिद्धांतों पर आधारित साहित्य तथा भारत के विकास एवं छत्तीसगढ़ से जुडी महत्वपूर्ण किताबे शामिल की गई थी। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों को विविध विषयों की उपयोगी और ज्ञानवर्धक पुस्तकों से परिचित होने का अवसर प्रदान किया। पुस्तक मेले में 500 से अधिक विद्यार्थियों और सौ से अधिक शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, डीन एकेडमिक्स डॉ. आलोक भट्ट और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. स्वाति पांडेय, डॉ. मनोज मौर्या और डॉ. अजय सिंह उपस्थित थे।

- भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह



● लोभ में धर्म बदलने वालों पर महाराज ने किया कटाक्ष, कहा-सनातन धर्म हो रहा संगठित

# रामनवमीं पर अयोध्या धाम के दर्शन करने से मिल जाता है सभी तीर्थों का पुण्य, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने किया श्रद्धालुओं को भाव-विभोर

**भिलाई।** आईटीआई मैदान खुर्सीपार में जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई के तत्वावधान में राम कथा का आयोजन किया गया है। प्रसिद्ध रामकथा वाचक प्रेम भूषण महाराज के शिष्य राजन महाराज के श्री मुख से कथा सुनने लोग दूर-दराज से पहुंच रहे है। 9 दिवसीय कथा के दूसरे दिन कथावाचक ने शिव–पार्वती विवाह प्रसंग की भक्ति भाव के साथ व्याख्या की। उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन अयोध्या की धरती पर राम लला के दर्शन मात्र से ही सभी तीर्थो के दर्शन का पुण्य लोगो को मिल जाता है।

सुमधुर भजनों के संग कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीराम कथा महिमा का द्वितीय दिवस शनिवार को भव्यता और आस्था के साथ लोगो ने शिरकत की। कथा स्थल पर हजारों की संख्या में रामभक्तों ने पहुँचकर श्रद्धा-भाव से कथा श्रवण किया। कथा में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश, आचार्य पं संदीप तिवारी, राजेश त्रिपाठी, भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित यजमान विनोद सिंह और उनकी पत्नी विजया लक्ष्मी और अनेक वरिष्ठ नेता, समाजसेवी और व्यापारी वर्ग के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





### सनातन धर्म में जन्म लेना सौभाग्य

कथा वाचक राजन महाराज ने मानस घाट की दिव्य चर्चा से कथा को आगे बढ़ाते हुए गोस्वामी तुलसीदास के जन्म प्रसंग का मार्मिक और आध्यात्मिक वर्णन किया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव बारात में पहुंचे नर मुंड माला धारण किये राक्षस, सांप, बिच्छु का स्वागत पार्वती के पिता पर्वत राज हिमवान और माता मैना वती ने किस कुशलता के साथ किया, इस प्रसंग का अपनी शैली में कथावाचक राजन महाराज ने सचित्र वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में जन्म लेना परम सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दू समाज को संगठित एवं जागरूक रहने की प्रेरणा दी और उन लोगों की निंदा की जो लोभवश अपना धर्म बदल लेते हैं। इसके उपरांत पूज्य महाराज ने भगवान शिव-पार्वती विवाह का अत्यंत रोचक और भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर सुना।



### आज होगा श्रीरामचंद्र का प्राकट्योत्सव

कथा के अंत में उन्होंने श्रोताओं को बताया कि तीसरे दिन की कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र के प्राकट्योत्सव का दिव्य प्रसंग सुनाया जाएगा, जिसका भक्तगण उत्साहपूर्वक आनंद ले सकेंगे। श्रीराम कथा महिमा का यह भव्य आयोजन दिन-प्रतिदिन अधिक आकर्षक और भावपूर्ण रूप ले रहा है, जिसमें नगरवासियों का उत्साह और आस्था देखने योग्य है।

## आयोजन...

# अमेरिका में जीवंत हो उठी भारतीय संस्कृति, किया शिक्षकों का सम्मान



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई से अमेरिका में जा बसे जैन दंपति वहां भारतीयता और हिंदी को आगे बढ़ाने में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के सेंट लुइस शहर स्थित हिंदी यूएसए हेरिटेज लैंग्वेज स्कूल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन भारत के महान दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित किया गया, जिसमें 14 कक्षाओं के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को गुलदस्ते, शुभकामना कार्ड और उपहार देकर अपना आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में बच्चों ने स्वयं हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड बनाए और शिक्षकों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय मूल के बच्चों को अमेरिका में रहते हुए भी अपनी जड़ों से जोड़े रखना संभव है बस ज़रूरत है समर्पण, मार्गदर्शन और समुदाय की एकजुटता की।



हिंदी यूएसए सेंट लुइस में पिछले आठ वर्षों से हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुटा हुआ है। इस समय स्कूल में कुल 31 शिक्षक और 3 प्रशासनिक सदस्य कार्यरत हैं। यह संस्था अमेरिका की सबसे बड़ी गैर-लाभकारी हिंदी भाषा स्कूलों में से एक है, और पूरे मिड वेस्ट अमेरिका में यह सबसे बड़ी संस्था है। हिंदी यूएसए सेंट लुईस शाखा की स्थापना भिलाई के मयंक जैन और डॉ अंशु जैन ने अपने नियमित कार्यों के साथ-साथ समाजसेवा के रूप में 2018 में की थी। आज यह संस्था सैकड़ों बच्चों को न केवल हिंदी पढ़ा रही है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, त्योहारों, मूल्यों और भाषायी विविधता से भी परिचित करा रही है।

## युवा देश का भविष्य

# जिंदगी न मिलेगी दोबारा... छात्र हो रहे मोटिवेट, स्वदेशी अपनाने किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित जिंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम युवाओं को नई दिशा दे रहा है। स्कूल और कॉलेजों में इस कार्यक्रम को लगातार आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने युवाओ को देश का भविष्य बताते हुए आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन पर कहा कि युवा नौकरी देने वाले बने। अपना व्यवसाय और उद्योग लगाए। उन्होंने कहा कि मिशन 2047 विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम है। जिससे सकारात्मक सोच के साथ देश निर्माण होगा। आज की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी साइबर ठगी से बचाव पर भी युवा छात्रों को जागरूक किया गया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए स्वदेशी अपनाओ भारत को मजबूत बनाओ का संदेश दिया। गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि युवाओं की सोच बदलेगी, तभी देश का भविष्य बदलेगा। आत्मनिर्भर बनकर ही हम भारत को विश्व में अग्रणी बना सकते हैं। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि मिशन 2047 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना है और इस सपने को साकार करने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। यह कार्यक्रम उन्हें सही दिशा देने का प्रयास है। दिनकर बसोतिया ने बताया कि भिलाई चेम्बर का मानना है कि छात्रों को न सिर्फ अकादमिक ज्ञान, बल्कि जीवन में सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनने की सीख देना भी आवश्यक है। ज्ञान के साथ मनोरंजन का भी ध्यान रखते हुए इस कार्यक्रम में छात्रों से प्रश्न उत्तर भी किये गए। अंत में शंकर सचदेव ने चटपटे प्रश्न पूछकर विनर को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को नशा मुक्त की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, सुमन कनोजे, सरोजनी पाणिग्रही, जेपी गुप्ता, महेश बंसल, पवन जिंदल, अखराज ओस्तवाल, चिन्ना राव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

**भिलाई चेंबर का आयोजन**

# साउथ इंडियन स्पेशल किचन मास्टर्स कांपिटीशन आज, अग्रसेन जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** अग्रवाल सेवा समिति महिला समिति और अग्रसेन युवा मंच न्यु खुर्सीपार द्वारा अग्रवंश के संस्थापक कुलपिता अग्रसेन भगवान की जयंती 14 से 22 सितंबर तक मनाई जाएगी। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन को लेकर समाज के तीनों विंग की बैठक में रूपरेखा तय की गई। सांस्कृतिक समिति के चेयरमैन पवन अग्रवाल ने बताया कि अग्रोत्सव की शुरुआत आज किचन मास्टर्स साउथ इंडियन स्पेशल और खेलकूद प्रतियोगिता से होगी। इसके बाद 17 सितंबर को क्रिकेट में अग्रसेन प्रीमियर लीग, कैरम व बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू होगी।



### होने वाली प्रतियोगिताओं का फायनल मुकाबला 20 सितंबर को

इसमें महिला व पुरुष दोनों वर्गों के प्रतिभागीय शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 20 सितंबर को होगा। इस दौरान महिला समिति के लिए भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं कराई जाएंगी। 21 सितंबर को अग्रवाल गॉट टैलेंट, अग्रसेन फूड फेस्ट और वीडियो हाउजी का आयोजन किया जाएगा। 22 सितंबर को दोपहर 3 बजे भगवान अग्रसेन की पूजा, आरती के बाद शोभायात्रा निकलेगी। शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और रात 9 बजे से भोजन प्रसादी बांटी जाएगी। सभी कार्यक्रम अग्रसेन भवन, न्यू खुर्सीपार में होंगे। स्व. सीताराम गर्ग की स्मृति में किचन मास्टर्स की स्पर्धा आज होगी, जिसमें एक परिवार के दो सदस्य, पति-पत्नी, मां-बेटा, पिता-पुत्री, देवर-भाभी, भाई-बहन हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिताओं के लिए समाज के सभी वर्गों के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। अग्रवाल समाज, खुर्सीपार के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रतन लाल अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, घनश्याम दास, उमा शंकर गोयल, संगीता, अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, निखिल अग्रवाल, समीर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# संगीत विवि की कुलपति डॉ. शर्मा मिलीं पंडवानी गुरु तीजन बाई से



**भिलाई।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ लवली शर्मा ने पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई के गृह ग्राम गनियारी भिलाई-3 पहुंच कर उनका हाल-चाल जाना। डॉ. शर्मा ने शॉल-श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर पंडवानी गुरु को सम्मानित किया और उनके साथ करीब घंटे भर तक बैठकर उनके स्वास्थ्य और लोक कला संस्कृति पर चर्चा की। डॉ. शर्मा की बातों को तीजन बाई ने इशारों में समझा और उनसे घुलमिल गईं। इस दौरान पंथी नृत्य में पद्मश्री सम्मान प्राप्त डॉ. राधेश्याम बारले ने तीजन बाई को डॉ. शर्मा का परिचय दिया और उनसे विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान ख्याति प्राप्त लोकगायक तुषान्त बारले और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पीआरओ प्रमोद वर्मा भी उपस्थित थे। सभी ने तीजन बाई से आशीर्वाद लिया और उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

**स्वास्थ्य और लोककला संस्कृति पर की चर्चा**

